राज एक्सप्रेस
शुक्रवार, 19 जुलाई 2024
www.rajexpress.com

उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान में हुआ पौधारोपण

जबलपुर। उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान द्वारा गुरुवार को एक 'पेड़ मां के नाम' अंतर्गत पौधारोपण किया गया। इसमें संस्थान निदेशक डॉ. हरीश सिंह गिनवाल ने बरगद का पौधा संस्थान के आवासीय परिसर स्थित स्मृति वन में रोपित किया और उन्होंने आग्रह किया कि भारत सरकारके इस आदर्श कार्य में सभी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर संस्थान के सभी अधिकारी-कर्मचारी एवं केंद्रीय विद्यालय के छात्र एवं संस्थान भ्रमण पर आए तेलंगाना वन अकादमी, हैदराबाद के प्रशिक्षु, वन रक्षक की मौजूदगी में 200 विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। वन संवर्धन वन प्रबंधन एवं कृषि वानिकी प्रभागाध्यक्ष नीलू सिंह ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वृक्ष संरक्षण का आह्वान किया।

दैनिक भास्कर
City भास्कर जबलपुर, शुक्रवार, 19 जुलाई 2024. 04

हरियाली बनाए रखने के लिए लगाए पौधे

जबलपुर। प्रकृति को हरा-भरा बनाए रखने के लिए उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' मिशन के अंतर्गत पौधारोपण किया गया, इसमें निदेशक डॉ. हरीश सिंह गिनवाल ने बरगद का पौधा स्मृति वन में रोपा। साथ ही अधिकारी, कर्मचारी, केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थी एवं संस्थान भ्रमण पर आए तेलंगाना वन अकादमी, हैदराबाद के प्रशिक्षुओं द्वारा 200 विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस दौरान नीलू सिंह ने वृक्ष संरक्षण का संदेश दिया।

'एक पेड़ मां के नाम' लगाकर दिया गया वृक्षारोपण का संदेश

(नव स्वदेश)। जबलपुर

उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान द्वारा एक पेड़ मां के नाम मिशन के अंतर्गत डॉ. हरीश सिंह गिनवाल, निदेशक, द्वारा राष्ट्रीय वृक्ष बरगद का पौधा संस्थान के आवासीय परिसर स्थित स्मृति वन में रोपित किया गया। उन्होंने आग्रह किया कि भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस आदर्श कार्य में सभी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे ताकि प्रकृति को हरा भरा बनाया जा सके। इस अवसर पर संस्थान के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थी एवं संस्थान भ्रमण पर आए तेलंगाना वन अकादमी, हैदराबाद के प्रशिक्षु, वन रक्षक द्वारा भी 200 विभिन्न प्रजातियों का वृक्षारोपण किया गया। श्रीमति नीलू सिंह, प्रभागाध्यक्ष, वन संवर्धन वन प्रबंधन एवं कृषिवानिकी ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, वृक्ष संरक्षण का आह्वान किया।

टीएफआरआई में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

एक पेड़ मां के नाम आदर्श कार्य, इसके लिए सब आगे आएं : डॉ. गिनवाल

पीपुल्स संवाददाता • जबलपुर
editor@peoplessamachar.co.in

टीएफआरआई (उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान) में गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम मिशन के अंतर्गत डायरेक्टर डॉ. हरीश सिंह गिनवाल ने राष्ट्रीय वृक्ष-बरगद का पौधा संस्थान के आवासीय परिसर स्थित स्मृति वन में रोपित किया गया। उन्होंने आग्रह किया कि भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस आदर्श कार्य में सभी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे ताकि प्रकृति को हरा भरा बनाया जा सके। इस अवसर पर संस्थान के सभी अधिकारी/कर्मचारी एवं केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थी एवं संस्थान भ्रमण पर आए तेलंगाना वन अकादमी, हैदराबाद के प्रशिक्षु, वन रक्षक द्वारा भी 200 विभिन्न प्रजातियों का वृक्षारोपण किया गया। नीलू सिंह, प्रभागाध्यक्ष, वन संवर्धन वन प्रबंधन एवं कृषि वानिकी ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, वृक्ष संरक्षण का आह्वान किया।